तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 5 जुलाई 2026

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली ठप रहने से मोबाइल टावर हुए बंद, ऑनलाइन काम प्रभावित



## खबर संक्षेप

### ईपीएफ खाताधारकों को मिलेगा 8.25 प्रतिशत ब्याज

**कोरबा।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफ) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर 8.25 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर लागू करने का आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की मंजूरी के बाद 1 जुलाई को जारी परिपत्र में सभी क्षेत्रीय एवं जोनल कार्यालयों को सदस्यों के खातों में निर्धारित ब्याज राशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार, केंद्र सरकार ने ईपीएफ स्कीम, 1952 के प्रावधानों के तहत वर्ष 2025-26 के लिए 8.25 प्रतिशत ब्याज दर को स्वीकृति प्रदान की है। इसके बाद ईपीएफओ ने सभी संबंधित अधिकारियों से सदस्यों के खातों में ब्याज क्रेडिट करने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने को कहा है। इस निर्णय से देशभर के 7 करोड़ से अधिक EPF अंशधारकों को लाभ मिलेगा।

### तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में बच्चों की हुई जांच

**कोरबा।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक. 2 (कोरबा) एनटीपीसी में एक हजार छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण दो जुलाई से चार जुलाई तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। तीन दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. हेमंत पटेल (सीएचसी, कटघोरा) की अध्यक्षता में उनके सहयोगी श्रीमती ज्योति के द्वारा किया गया। परीक्षण के दौरान बच्चों की लंबाई - वजन, आंख, कान, नाक, गला, दांत और सामान्य शारीरिक जांच किया गया। डॉक्टर हेमंत पटेल जी ने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए दैनिक जीवन में स्वछता, नियमित योग एवं व्यायाम, संतुलित आहार और उचित मात्रा में पानी पीने जैसे आदतों को शामिल करने के बारे में बताया।

### उरगा थाना क्षेत्र के मीरा रिसॉर्ट में मनाई जा रही थी बर्थडे पार्टी

# बर्थडे पार्टी में विवाद के बाद खूनी खेल, युवक की गाड़ी से कुचलकर हत्या, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में लगातार हो रही हत्याओं का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात मीरा रिजार्ट में बर्थडे पार्टी के दौरान बर्थडे पार्टी मना रहे दोस्तों के बीच आपस में विवाद हो गया।

**खास बात**

- बथ डे पाटी के दौरान हुए मामलू विवाद ने लिया हत्या का रूप



घटना स्थल पर घायल युवक और दुर्घटनाकारित कैंपर वाहन।

विवाद इतना बढ़ा कि रिजार्ट से निकलते हुए एक युवक ने बर्थडे पार्टी मनाने आये युवक पर गाड़ी चढ़ा दी। तेज रफ्तार कैंपर से युवक को कुचलने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पार्टी में शामिल होने आए अन्य लोगों ने घायल युवक को एक निजी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत घायल युवक को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश शुरु कर दी है। इस हत्याकांड से एक बार फिर कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। कोयलांचल क्षेत्र दीपका से लगभग 10 से 15 की संख्या में युवक अपने साथी विकास सिंह हुड्डा का जन्मदिन मनाने थाना उरगा क्षेत्र स्थित मीरा रिजॉर्ट गए थे। रिसोर्ट विकास सिंह हुड्डा ने बुक करवाया था। रिजॉर्ट के भीतर पार्टी चल रही थी। स्विमिंग पूल में पूल पार्टी का भी इंतजाम था, शराब परोसे जाने की बात भी सामने आ रही है। इसी बीच तुषार ढांडा और उज्जवल दीवान के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बर्थडे पार्टी का माहौल अचानक गरमा गया। इसके थोड़ी देर बाद सभी दोस्त रिजॉर्ट से बाहर निकल गए लेकिन सड़क पर पहुंचने के बाद फिर से तुषार और उज्जवल के बीच विवाद शुरु हो गया। इसी दौरान तुषार ढांडा ने अपनी कैम्पर गाड़ी निकाली और उज्जवल दीवान पर गाड़ी चढ़ा दी। वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी की मौके पर मौजूद अन्य युवकों ने अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष किया लेकिन तुषार ढांडा सिर्फ उज्जवल को ही कुचलना चाहता था। यही वजह है कि उज्जवल दीवान के उपर गाड़ी चढ़ाने के बाद तुषार ढांडा मौके से फरार हो गया। इस वारदात के बाद बर्थडे पार्टी में शामिल होने पहुंचे अन्य साथियों ने घायल उज्जवल दीवान को उपचार के लिए तत्काल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उज्जवल दीवान को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज कर तुषार ढांडा की तलाश शुरु कर दी है। जिले में हो रहे लगातार आपराधिक घटनाओं से पुलिस की परेशानी बढ़ गई है।



आरोपी तुषार ढांड



मृतक उज्जवल

**पुलिस की बढ़ी परेशानी**

जिले में लगातार हो रहे हत्याओं और लूट की घटनाओं ने पुलिस की परेशानी बढ़ा दी है। एक घटना को सुलझाने में पुलिस सफल हो पाए इससे पहले दूसरी घटना घट जाती है। मामूली विवाद पर भी हत्या जैसे आपराधिक घटना सामने आ रही है जिसकी वजह से कानून व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। लगातार घट रहे आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने पुलिस एक ओर पेट्रोलिंग व गश्त को बढ़ाने में जुटी हुई है वहीं दूसरी ओर आरोपी घटना को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहे हैं। जिसकी वजह से लोगों में भी भय का माहौल व्याप्त है।

# आईओसी टर्मिनल में डीजल चोरी, रोज लाखों का ईंधन पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसी) के गोपालपुर टर्मिनल से निकलने वाले पेट्रोल और डीजल टैंकरों से कथित रूप से ईंधन चोरी का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। गुरुवार को टर्मिनल परिसर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें कुछ लोग एक टैंकर से जेरीकेन में डीजल निकालते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

गोपालपुर टर्मिनल से प्रतिदिन 2सौ से अधिक टैंकर विभिन्न जिलों के लिए रवाना होते हैं। आरोप है कि प्रत्येक टैंकर से 15 से 20 लीटर तक डीजल निकाल लिया जाता है। यदि यह दावा सही है, तो प्रतिदिन 3 से 4 हजार लीटर डीजल की चोरी हो रही है, जिसकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि निकाले गए डीजल को पहले एक खाली टैंकर में एकत्र किया जाता है और बाद में बाजार में पेट्रोल पंपों की तुलना में कम कीमत पर बेचा जाता है। पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि कई बार उन्हें निर्धारित मात्रा से कम ईंधन मिलता है, जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उनका आरोप है कि चोरी का विरोध करने पर विवाद और हाथापाई की स्थिति बन जाती है, जिसके चलते अधिकांश संचालक खुलकर शिकायत करने से बचते हैं। गौरतलब है कि पुलिस पहले भी डीजल चोरी के मामलों में कार्रवाई कर चुकी है, लेकिन आरोप है कि इसके बावजूद ईंधन चोरी का सिलसिला थम नहीं रहा है। मामले को लेकर संबंधित एजेंसियों की कार्रवाई पर अब सभी की नजरें टिकी हैं।



टैंकर से डीजल चोरी करते।






## खबर संक्षेप

### पेट्रोल डालकर पत्नी को जलाया, 11 दिन बाद मौत

**बिलासपुर।** चरित्र शंका पर पति ने पत्नी को पेट्रोल डालकर जला दिया था। 11 दिन इलाज के बाद महिला की मौत हो गई है। पुलिस फरार आरोपी पति को नहीं पकड़ पाई है। 22 जून की रात पचपेड़ी क्षेत्र के ग्राम रैलहा भड़हा निवासी जनीराम यादव अपनी पत्नी मोंगरा बाई यादव 45 साल के साथ घर के आंगने में सो रहे थे। उनके बच्चे अंदर कमरे में सो रहे थे। रात 2.30 बजे जनीराम यादव बच्चों के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर पेट्रोल डालकर पत्नी मोंगरा बाई को जला दिया था। परिजन के द्वारा उन्हें मंगला चौक स्थित बालाजी हास्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। पचेपड़ी थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया, 4 जुलाई को इलाज के दौरान मोंगरा बाई की मौत हो गई है। सूचना पर सिविल लाइन पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। मर्ग डायरी मिलने के बाद मामले में हत्या का मामला दर्ज किया जाएग। पुलिस फरार आरोपी पति को नहीं पकड़ पाई है।

### चाकू लहराते गुण्डा बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने चाकू लहराकर आतंक मचाते वाले गुण्डा



बदमाश को गिरफ्तार कर उसके क्षेत्र में जुलूस निकालकर जेल भेज दिया है। सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट को सूचना मिली थाने का गुण्डा बदमाश मंझवापारा निवासी प्रफुल्ल डीहिरे पिता स्व. रहसलाल 26 साल राजीव गांधी चौक में चाकू लहराकर लोगों को धमका चमका रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर घेराबंदी कर उसे चाकू सहित पकड़ लिया। पुलिस ने उस इलाके में बदमाश की जुलूस निकाला, फिर 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जाता है एक दिन पहले उक्त बदमाश ने अपने दोस्तों के साथ एक युवक व युवती के साथ जमकर मारपीट करते हुए दोनों का मोबाइल तोड़ दिया था।

### गले की चोट, सिम्स के डाक्टर ने बचाई जान

**बिलासपुर।** गले की गंभीर एवं जानलेवा पेनिट्रेटिंग नेक ट्रॉमा के दो मरीजों को जीवनदान दिलाया है। उच्चस्तरीय आपातकालीन एवं शल्य चिकित्सा का परिचय देते हुए डाक्टरों ने यह कारनामा कर दिखाया है। मिली जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय व्यक्ति को 18 जून 2026 को गले की गहरी एवं खुली चोट के साथ सिम्स लाया गया। इस दौरान गले के अग्र भाग में गहरा चीरा लगा था। चिकित्सकों ने बिना समय गंवाए लोकल एनेस्थीसिया से नेक एक्सप्लोरेशन एवं घाव की सर्जरी की। इसी प्रकार 30 वर्षीय व्यक्ति पर 15 जून 2026 को धारदार हथियार से हमला किया गया था, गले में गंभीर चोट एवं अत्यधिक रक्तस्राव की स्थिति में आपातकालीन विभाग में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद मरीज के स्वास्थ्य में लगातार सुधार होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इन दोनों मरीजों का उपचार ईएनटी विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर डॉ. आरती पाण्डेय, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वीबी साहू तथा असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. श्वेता मित्तल के नेतृत्व एवं विशेषज्ञ मार्गदर्शन में किया गया है।

**प्रशासन और निगम को सौंपी जिम्मेदारी**

**वीडियो कांफ्रेंसिंग बैठक में शामिल हुए बिजली अधिकारी**

# बिजली की बदहाली को लेकर सचिव ने ली बैठक, अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

**बिलासपुर।** बिजली विभाग की लचर व्यवस्था और सप्लाई की बदहाली अब हाईकोर्ट तक पहुंच चुकी है। जिसके बाद शासन के अधिकारी भी तलब किए जा रहे हैं। इस बीच ऊर्जा विभाग के सचिव ने बिजली अधिकारियों की बैठक लेकर तत्काल सुधार कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

बिलासपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली की बदहाली उपभोक्ताओं को परेशान कर रही है। आए दिन होने वाली सप्लाई बंद से रोजमर्रा के काम के साथ ही व्यापारिक और औद्योगिक कार्य में बाधा आ रही है। इस पर हरिभूमि ने लगातार खबर का प्रकाशन किया और अब हाईकोर्ट ने खबरों को संज्ञान लेकर अधिकारियों को तलब किया है। 7 जुलाई को कोर्ट में अधिकारी हलफनामा दे सकते हैं, लेकिन इससे पहले ही ऊर्जा विभाग के सचिव ने बिजली अधिकारियों की क्लास ले ली है। बैठक में सचिव सारंश मित्तर ने आंधी-तूफान के दौरान विद्युत आपूर्ति में बंद होने, व्यावहारिक समस्याओं और मैदानी अमलो की दिक्कतों की की चर्चा की, उन्होंने बिजली विभाग, जिला प्रशासन और नगर निगम की जिम्मेदारी भी तय की है। शहरी क्षेत्रों में टूटे हुए सीमेंट पोल की जगह सीधे लोहे के पोल लगाने के लिए निर्देश दिया है। साथ ही विद्युत आपूर्ति को सामान्य करने के लिए 1 अतिरिक्त स्काईलिफ्ट वाहन की व्यवस्था करने साथ ही शहर में दो नए जोन कार्यालय बनाने के निर्देश दिए है। कार्यक्षेत्र छोटा होने पर विद्युत व्यवधान एवं उपभोक्ता सेवाओं का त्वरित निराकरण किया जा कसेगा।



### शहर को मिलेगा दो योजनाओं का फंड

शहर में लगातार हो रही बिजली सप्लाई बंद को लेकर सचिव ने ऐसे क्षेत्रों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए हैं, जिसमें आंधी व बारिश के कारण सबसे ज्यादा परेशानी आ रही है। ऐसे जगहों पर चरणबद्ध तरीके से बेयर कंडक्टर को कवर्ड कंडक्टर/केबल में बदला जाएगा। इसके लिए प्रथम चरण के लिए मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना एवं सामान्य विकास योजना से 5-5 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

### हट सकते हैं अवैध होर्डिंग्स

बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश करते हुए कहा गया है कि नगर निगम एवं अन्य विभागों के पास भी स्काईलिफ्ट वाहन उपलब्ध हैं। विद्युत व्यवधान की स्थिति में आवश्यकता वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए जिला प्रशासन और नगर निगम का सहयोग लिया जाएगा। वहीं व्यावसायिक होर्डिंग्स फ्लेक्स गिरने के कारण विद्युत लाइनों के बाधित होती है, जिसके कारण घंटों बंद का सामना करना पड़ता है। ऐसे स्थलों की सूची बनाकर नगर निगम को कार्रवाई करना होगा।

### सबस्टेशन की आवश्यकता

बिलासपुर शहर का क्षेत्रफल लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में विद्युत मांग एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए अति उच्चदाब सबस्टेशन और 2 जगहों पर 33/11 केवी सबस्टेशन बनाना जरूरी हो चुका है। इस संबंध में जिला प्रशासन को जमीन आबंटन करना होगा। जिससे सबस्टेशनों पर पड़ने वाला विद्युत भार कम किया जा सके।

**मानसून की दस्तक, नाले-नालियों की सफाई अधूरी, बजबजा रही गंदगी**

# नई नालियों का काम बंद, अधूरे निर्माण में गिर रहे लोग, सफाई पर भी रोक



अशोक नगर गंदगी से पटे नाला।



तेलीपारा दरबार लॉज के पीछे अधूरा निर्माण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मानसून तेजी से छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ रहा है, लेकिन शहर में नगर निगम का नाला-सफाई अभियान में अभी भी खानापूर्ति रवैया अपनाया जा रहा है।

आलम यह है कि वर्षा सिर पर है और शहर के करीब 40 से 50 प्रतिशत छोटे-बड़े नाली-नालियों की सफाई नहीं हो सकी है। अधिकांश बड़े नाले अब भी मलबे और गंदगी से पटे पड़े हैं।

- **बारिश में फिर डूबेगा शहर**
- **गंदगी से पटे बड़े नाले दे रहे गवाही**

यही नहीं शहर में 30 से अधिक जगहों पर नालों का निर्माण कार्य जारी था जो कि अधूरा पड़ा है। बारिश शुरू भी हो चुकी है और जल्द ही इनके पूरे होने के आसार भी नहीं है। इन अधूरे नाले नालियों में लोग गिरकर घायल भी हो रहे हैं। ऐसे में बारिश होते ही शहर के रिहायशी इलाकों में एक बार फिर जलभराव की गंभीर समस्या पैदा होना तय माना जा रहा है। नगर निगम कह रहा है कि तैयारी पूरी है लेकिन बारिश ही सच्चाई सामने लाएगी। बारिश ही तय करेगी कि इस बार करोड़ों रुपए की सफाई ने राहत दी है या फिर एक बार शहर फिर पानी-पानी होने वाला है।

देखा जाए तो नगर निगम हर साल मानसून से पहले नालों की सफाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता और खानापूर्ति करता है। करोड़ों रुपए का बजट फूंकने के बाद भी शहरवासियों को हर साल जलभराव का खामियाजा भुगतना पड़ता है। इस बार भी स्थिति अलग नहीं है। शहर के मुख्य मार्गों से लेकर अंदरूनी वार्डों तक की नालियां कचरे से जाम है। पानी निकासी का कोई मुकम्मल इंतजाम नहीं होने के कारण वर्षा शुरू होते ही यह नाले ओवरफ्लो होने लगेंगे, जिससे दूषित पानी लोगों के घरों और दुकानों में घुसेगा। देखा जाए तो हर साल जब भारी बारिश होती है तो शहर के एक दर्जन से ज्यादा बड़े क्षेत्र ऐसे होते है।

### तोड़ दी गई नाली, गिर रहे लोग

तेलीपारा पुराने दरबार लॉज के पीछे गली नम्बर दो में नाली के साथ सीसी रोड का काम किया जा रहा है। यहां काम कर रहे ठेकेदार ने नाली की खोदाई के बाद काम बंद कर दिया है, संकरी गली में नाली टूटी होने के कारण लोगों के चलने की जगह नहीं बची है। नाली गंदगी से बजबजा रही है, जिससे बीमारी फैलने का खतरा है। नाली बनाने वालों ने लोगों के घरों की सीढ़ियों को भी तोड़ दिया है, जिससे लोग नाली में गिरकर घायल हो रहे हैं। निगम के ठेकेदार की लापरवाही से यहां रहने वाले दर्जनों परिवार के लोगों का जीवन नर्क हो गया है। लोग पार्षद से लेकर निगम अधिकारियों से शिकायत कर रहे हैं, परन्तु किसी की सुनवाई नहीं हो रही है।

### इन क्षेत्रों में हर साल होती है जलभराव की समस्या



शहर के तकरीबन एक दर्जन से ज्यादा क्षेत्रों में तेज वर्षा होने के बाद जलभराव की समस्या होती है। इसमे मुख्य रूप से हंसा विहार, श्रीकांत वर्मा, लिंक रोड, पुराना बस स्टैंड क्षेत्र, कश्यप कालोनी, मंगला, शांति नगर, अज्ञेय नगर, जरहाभाठा अंदरूनी क्षेत्र, नदी किनारे के मोहल्ले के साथ सरकंडा के कई क्षेत्र प्रमुख हैं, जहां पर तेज वर्षा के बाद जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। इसके साथ ही सरकंडा इलाके में बधवापारा, चौबे कालोनी से लेकर कोनी तक परेशानी होती है। अधिकांश मोहल्लों में जगह-जगह जलभराव हो जाता है, लोगों के घरों में पानी घूस जाता है और प्रभावित क्षेत्रों में हाहाकार मचने लगता है।

### निगम का दावा, युद्धस्तर पर की जा रही सफाई

इधर निगम का दावा है कि बारिश के पहले शहर के सभी नाले और नालियों को दो चरणों में साफ किया जा रहा है। इसमें अब तक 110 से अधिक बड़े नालियों की सफाई की जा चुकी है तो 10 नाला-नालियों की सफाई जारी है और जल्द ही 16 बड़े नाला-नालियों को भी साफ कर लिया जाएगा। इसके बाद बारिश के ठीक पहले अभियान के दूसरे चरण के तहत सभी नाला-नालियों की फिर सफाई की जाएगी। इसके अलावा वार्डो के जितनी भी छोटी नालियां है उन सभी की भी सफाई रूटीन में जारी है। निगम के मुताबिक 47 मशीनों के साथ 604 सफाईकर्मी इसमें डटे हैं। इन मशीनों में 9 जेसीबी,9 पोकलेन,17 मिनी टिपर,8 डंपर,5 ट्रैक्टर ट्राली,3 ई रिक्शा शामिल है।

### सफाई कराई गई है

मानसून और बारिश को देखते हुए नगर निगम ने सभी जोनों की टीम के साथ तैयारी की है। करीब ढाई महीने से तैयारी की जा रही है। सभी नालों का चिन्हांकन कर उनकी सफाई विशेष गैंग लगाकर और मशीनरी के जरिए की गई है ताकि जलभराव की स्थिति न बने। ऐसी नालियां जहां कचरा भर गया था।

# सट्टा खाईवाल सहित 4 सटोरिए भेजे गए जेल

**तोरवा क्षेत्र में लंबे समय से चल रहा सट्टा बाजार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लंबे समय से तोरवा क्षेत्र में सट्टा बाजार चलाने वाले खाईवाल सहित चार सटोरियों को पुलिस ने पकड़कर उनके पास से 1 स्कार्पियो, 2 बाइक, 12 मोबाइल, 50 हजार रुपए नकद, सट्टापट्टी जब्त की है। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं उसके बेटे की तलाश की जा रही है।









तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने बताया, मुखबिर से सूचना छठघाट के पहले सांईधाम के पास कुछ सक्रिय होकर सट्टापट्टी लिखकर सट्टा खिला रहे हैं। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर घेराबंदी कर सट्टा खिलाते दिनेश कुमार वाधवानी पिता परसराम वाधवानी फजलबाड़ा, भैया लाल सोनकर पिता वंशु सोनकर आरपीएफ कालोनी, मनोहर लाल खत्री पिता सामन दास हीराचंद गांधीनगर भोपालको पकड़ लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर तीनों ने सांईधाम निवासी खाईवाल किशन बजाज के लिए सट्टा खिलाना स्वीकार किया। पुलिस ने एण्ड टू एण्ड के तहत कार्रवाई करते हुए सांईधाम कालोनी में दबिश देकर खाईवाल किशन बजाज को पकड़कर उसके पास से 50 हजार 960 रुपए नकद, सट्टापट्टी, सट्टा के पैसे की वसूली में काम आने वाले स्कार्पियों क्रमांक सीजी 04 पीडब्ल्यू, 3311, बाइक सीजी 10 केएच, 7430, बाइक सीजी 11 सीडी, 0570 व 12 मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस ने खाईवाल व सटोरियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर पुराना रिकार्ड संलग्न किया गया। पुराने रिकार्ड को देखते हुए कोर्ट ने चारों आरोपियों को जेल भेजने का आदेश दिया गया। उसके बाद पुलिस ने चारों को जेल दाखिल कर दिया है। टीआई श्री सिंह ने बताया खाईवाल किशन बजाज का बेटा रवि बजाज सट्टाबाजार में सहयोग कर रहा था। उसकी भी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। वहीं उसका एक बेटा राजा बजाज पहले सट्टा खिलाने के मामले में जेल में बंद है। बताया जाता है खाईवाल पिता पुत्र लंबे अरसे से तोरवा क्षेत्र में सट्टाबाजार चला रहे है। कोई दूसरे खाईवाल उसके क्षेत्र में प्रवेश का सट्टा खिलाने का काम नहीं कर सकता है।


## हेल्थ केयर पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित है

**सत्र 2026-27**

**निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्र | DMLT डिप्लोमा इन मेडिकल लैब | BMLT बैचलर इन (मेडिकल लैब) | DMRT डिप्लोमा X-RAY | BMRT बैचलर X-RAY | COT सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर | BPT बैचलर इन फिजियोथेरेपी | HM हॉस्पिटल मैनेजमेंट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बिलासपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु :-** 12 वीं कक्षा विज्ञान संकाय में न्यूनतम प्रतिशत, अनु. जनजाति 40 प्रतिशत, अनु. जाति 42 प्रतिशत, सामान्य 50 प्रतिशत या अधिक, दिव्यांगजन/सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित हैं।

**नोटः-**

1. आवेदन निम्न दिये गये आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाईप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से भरे । साथ ही 10X4 साईज का लिफाफा जिसमें आवेदक का पूर्ण पता लिखकर कार्यालय के पते पर पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक भेजें।
2. चयनित आवेदक को कॉल लेटर फोन मैसेज / व्हाट्सअप मैसेज द्वारा सूचित किया जायेगा।
3. छ.ग. के किसी भी जिले के आवेदक किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
4. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए हैं, वे 12 वीं का रिजल्ट ऑनलाईन कॉपी लगार आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2026**

**कार्यालय का पता : समता फेस-2, सुयश हॉस्पिटल के पीछे, पानी टंकी के सामने, कोटा, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492010**
**8839189302, 7777887992**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

फोटो

**प्रति,**
**संचालक**
**व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर (छ.ग.)**

**महोदय,**

.................................(पाठ्यक्रम का नाम ) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूं।
1. आवेदक का नाम.................................. 2. पिता/पति का नाम..................................
3. जन्मतिथि.......................4.वर्ग- अनु. जनजाति ☐ अनु. जाति ☐ अन्य पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पताः ग्राम....................पो...........................तहसील...........................
जिला.............................
पिन कोड....................................मोबाईल नं. 1.......................2.......................व्हाट्सअप नं.......................
6. केंन्द्र का नाम (जहाँ चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते हैं)..................................
**7. शैक्षणिक योगयताः-**

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |


# 4 साल से फरार ठगी के आरोपी ने अदालत में किया सरेंडर

**बिलासपुर।** चार साल से फरार ठगी के आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। पुलिस ने एक दिन का पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ कर गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, 31 अक्टूबर 2022 को राजस्व कालोनी संजय हाइट्स निवासी बंसत कुमार पाण्डेय पिता भागवत पाण्डेय ने रिपोर्ट लिखाई थी। आरोपी कपिल दुबे, उसके पिता हेमंत दुबे और मनीषा दुबे कतियापारा निवासी के द्वारा बेईमानीपूर्वक जमीन खरीदी बिक्री व शेयर मार्केट में पैसा लगाकर मुनाफा कमाने का झांसा देकर 49 लाख 65 हजार 105 रुपए ठगी कर ली गई है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया था। चार साल फरार काटने के बाद आरोपी कपिल दुबे ने 2 जुलाई को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। सूचना पर पुलिस ने उसे 1 दिन के पुलिस रिमांड में लेकर पूछताछ की। उसके बाद 3 जून को उसे कोर्ट में पेश कर दिया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



आरोपी।

- **आरोपी को भेजा गया जेल**

### साइबर ठगी, रायपुर से दो और आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** साइबर ठगी के लिए म्यूल बैंक खातों का नेटवर्क संचालित करने वाले गिरोह के खिलाफ तारबाहर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो और फरार आरोपियों को रायपुर से गिरफ्तार किया है।

### सफाई कर्मचारी कल्याण संघ काआंदोलन 8 को

**बिलासपुर।** छग अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ की प्रदेश व्यापी आंदोलन 8 जुलाई को नया रायपुर में जंगी धरना प्रदर्शन आंदोलन होगा। संघ के प्रदेशाध्यक्ष संतोष खाण्डेकर ने बताया कि संघ 15 साल से पूर्णकालीक कलेक्टर दर की मांग कर रहा है। लगातार धरना रैली ज्ञापन मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, प्रधानमंत्री, राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कई बार मुख्यमंत्री शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर निवेदन किया गया। छग भाजपा सरकार मोदी की गारंटी 100 में वादा किया था, परंतु 1 हजार दिन पूरे होने वाला है। अब तक मांगें पूरी नहीं होने पर कर्मचारियों में शासन प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश है। इसे देखते हुए 8 जुलाई को प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा। इसमें सभी जिलों स प्रतिनिधि शामिल होंगे।

# अचानक रद्द कर दी गई जेडी, यात्री हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे स्टेशन में रायपुर, दुर्ग और गोंदिया तक सफर करने के लिए यात्री पहुंचें, लेकिन अचानक जेडी के रद्द होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा।



गोंदिया से झारसुगुड़ा और झारसुगुड़ा से गोंदिया के बीच चलने वाली जेडी पैसेंजर प्रतिदिन दोपहर को बिलासपुर स्टेशन से होकर गुजरती है। झारसुगुड़ा से बिलासपुर आकर गोंदिया तक जाने वाली पैसेंजर ट्रेन में प्रतिदिन सैकड़ों यात्री छोटे स्टेशनों के अलावा भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़ सहित गोंदिया तक सफर करते हैं। शनिवार को भी गोंदिया की ओर जाने वाली झारसुगुड़ा-गोंदिया जेडी पैसेंजर में सफर करने के लिए यात्री प्लेटफार्म नम्बर 3-4 पर पहुंच गए थे। स्टेशन पहुंचनें के बाद अचानक ट्रेन के केंसल होनें के अनाउंसमेंट के कारण यात्रियों को परेशान होना पड़ा। रेलवे के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे से प्राप्त सूचना के अनुसार झारसुगुड़ा से गोंदिया की ओर जाने वाली जेडी पैसेंजर का रैक उपलब्ध नहीं हो सका, जिसकी वजह से ट्रेन

## खबर संक्षेप



### अंधेरे से परेशान नवापारा बस्तीवासियों ने बिजली कार्यालय में किया प्रदर्शन

**दर्री।** नगर निगम दर्री के वार्ड क्रमांक 60 स्थित नवापारा में लगातार 72 घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति ठप रहने से स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। तीन दिनों तक लगातार शिकायत करने के बावजूद बिजली बहाल नहीं हो सकी और ना ही विभाग ने बताया गया कि आखिर बिजली बंद होने का कारण क्या है। बिजली विभाग कार्यालय पहुंचने के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल दर्री थाना प्रभारी एवं तहसीलदार को इसकी सूचना दी कि वे शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को लेकर बैठे हैं और बिजली बहाल होने तक वहीं रहेंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि तीन दिनों तक विभाग की ओर से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। बाद में बताया गया कि ट्रांसफार्मर खराब हो गया है और उसे बदलना पड़ेगा। साथ ही यह भी कहा गया कि ऊपर अधिकारियों को सूचना देने के बाद ही नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध हो पाएगा, जिसमें एक-दो दिन और लग सकते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, जब उन्होंने विभाग में पदस्थ जेई निशा कंवर से समस्या के समाधान की बात की, तो उन्होंने कहा कि विभाग के पास ट्रांसफार्मर लोड करने के लिए आवश्यक साधन उपलब्ध नहीं हैं। लोगों से स्वयं के खर्च पर क्रेन की व्यवस्था कर ट्रांसफार्मर लोड कराने को कहा गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने स्वयं आगे बढ़कर अपनी जान जोखिम में डालते हुए ट्रांसफार्मर को कंधों पर उठाकर वाहन में लोड किया। इसके बाद ट्रांसफार्मर को बदलने की प्रक्रिया पूरी हुई और 72 घंटे से अंधेरे में डूबे नवापारा में बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी।

### आपात व आपराधिक घटनाओं से निपटने किया गया मॉक ड्रिल



**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में आयोजित इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाना, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में कुल 49 नाकेबंदी स्थल चिन्हित किए गए, जहां पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई। प्रत्येक स्थल पर अधिकारियों ने स्वयं उपस्थित रहकर जांच प्रक्रिया की निगरानी की तथा पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। अभियान के दौरान वाहनों की व्यवस्थित एवं गहन जांच की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों, दस्तावेजों एवं वाहनों की विशेष रूप से जांच की गई।

### खेती की आधुनिक तकनीक से अवगत होंगे कृषि महाविद्यालय के छात्र

**कोरबा।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कटघोरा में अध्यनरत तृतीय वर्ष द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं कृषि एवं संबंध विषयों की जानकारी हेतु एवं भविष्य में अवसर के उद्देश्य से जिला कोरबा से भारत की दक्षिण क्षेत्र नागपुर (महाराष्ट्र) एवं तमिलनाडु स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं उनके द्वारा स्थापित तथा कृषि का नवाचार करने वाले संस्थानों में भ्रमण हेतु दिनांक 1जुलाई 26 को महाविद्यालय से रवाना हुए। शैक्षणिक भ्रमण के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा भ्रमण कार्यक्रम का अनुमोदन किया गया तथा कुलपति डॉ गिरीश चंदेल द्वारा छात्रों को भ्रमण हेतु अपना आशीष प्रदान किया गया। कृषि महाविद्यालय कोरबा के अधिष्ठाता डॉ राजेश कुमार साहू ने सभी छात्रों को भ्रमण में जाने पूर्व उपयोगी एवं समसामयिक विषयों पर जानकारी प्रदान कर भ्रमण के दौरान सतर्कता बरतने की सलाह एवं शुभकामनाएं दी।

# मानसून की बारिश से घटी बिजली की डिमांड, संयंत्र प्रबंधन ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

## इकाइयों को वार्षिक रखरखाव पर किया जा रहा बंद

**खास बातें**

- बारिश से 2400 मेगावाट कम हुई बिजली की डिमांड
- सेंट्रल पुल पर निर्भरता हुई कम



मानसून की दस्तक के बाद पिछले तीन दिनों से शाम के समय हो रही बारिश का असर अब प्रदेश की बिजली खपत पर भी दिखाई देने लगा है। तापमान में गिरावट और उमस से राहत मिलने के कारण घरेलू बिजली की मांग में करीब 2400 मेगावाट की कमी दर्ज की गई है। मांग घटने के साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी ने अपने ताप विद्युत संयंत्रों में लंबित रखरखाव कार्य शुरू कर दिया है।

इसी क्रम में हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीपी) कोरबा पश्चिम की 210 मेगावाट क्षमता वाली नंबर-1 इकाई को एक सप्ताह के शॉर्ट शटडाउन पर लिया गया है। प्रदेश की घरेलू बिजली जरूरतों की पूर्ति राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी द्वारा की जा रही है। कोरबा जिले स्थित एचटीपीपी और डीएसपीएम ताप विद्युत संयंत्र से उत्पादित बिजली की आपूर्ति कोरबा सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में की जा रही है। इस वर्ष मानसून करीब 15 दिन की देरी से पहुंचा। इसके चलते जून के दूसरे पखवाड़े तक प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग छह हजार मेगावाट से अधिक बनी रही। बढ़ी हुई मांग के कारण संयंत्रों का निर्धारित रखरखाव स्थगित करना पड़ा था। अब लगातार हो रही बारिश के बाद मांग कम होने से उत्पादन कंपनी ने चरणबद्ध तरीके से इकाइयों का रखरखाव शुरू कर दिया है। गुरुवार शाम करीब एक घंटे तक हुई बारिश के बाद प्रदेश में बिजली की मांग घटकर पांच हजार मेगावाट से भी नीचे पहुंच गई।

एचटीपीपी की एक इकाई बंद रहने के बावजूद अतिरिक्त बिजली खरीदने की जरूरत नहीं पड़ी। केंद्रीय क्षेत्र से मिलने वाली निर्धारित बिजली और राज्य उत्पादन कंपनी के संयंत्रों से हो रहे उत्पादन के माध्यम से पूरी मांग की आपूर्ति की गई। आवश्यकता पड़ने पर 120 मेगावाट क्षमता वाले जल विद्युत संयंत्र से भी बिजली उत्पादन का विकल्प उपलब्ध है। एचटीपीपी कोरबा पश्चिम के मुख्य अभियंता एचके सिंह ने बताया कि आवश्यक रखरखाव कार्य के लिए 210 मेगावाट क्षमता वाली नंबर-1 इकाई को एक सप्ताह के शॉर्ट शटडाउन पर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मानसून देर से आने के कारण इस वर्ष रखरखाव कार्य भी विलंब से शुरू हुआ है। पहली इकाई के पुनः चालू होने के बाद अन्य इकाइयों का भी चरणबद्ध तरीके से रखरखाव किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक तकनीकी और प्रशासनिक अनुमतियां प्राप्त की जा रही हैं।

## अब तक जिले में हुई 68.92 मिमी वर्षा

# आषाढ़ की बारिश से खेतों में आई नमी से शुरु हुआ बोनी का कार्य



फाइल फोटो

**पोड़ी उपरोड़ा में हुई सर्वाधिक वर्षा**

जिले के 12 तहसीलों में सर्वाधिक बारिश पोड़ी उपरोड़ा तहसील में दर्ज की गई है। पोड़ी उपरोड़ा में 114.8 मिमी वर्षा हो चुकी है। इसके बाद हरदीबाजार तहसील में 90.2 मिमी वर्षा हुई है। सबसे कम बारिश कोरबा तहसील में 30.1 मिमी दर्ज की गई है। शहरी क्षेत्र में अपेक्षाकृत कम बारिश हुई है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो आगामी दिनों में अच्छी बारिश की संभावना है। इसके साथ ही बारिश के यह आंकडे तेजी से बदलेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इस साल लोग अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें तनी हुई है। इस बीच मंगल, बुध और गुरूवार को हुई बारिश ने किसानों की उम्मीद लौटा दी है। खेतों में आई नमी से खेती को रफ्तार मिली है।

जिले में 1 जून से 2 जुलाई तक की अवधि में 68.92 मिलीमीटर वर्षा हुई है। तीन दिन जिले के अधिकांश हिस्सों में बारिश हुई। जिसके बाद जिले की कुल औसत वर्षा में वृद्धि दर्ज की गई है। गुरूवार दोपहर से शाम तक रूक-रूककर हुई बारिश से शहर व ग्रामीण इलाके तरबतर हुए। इससे पहले मंगलवार व बुधवार को भी बारिश हुई थी। इन तीन दिनों की बारिश ने खेतों में नमी ला दी है। जिन किसानों ने धान के बीज बो दिए हैं, उनके लिए दो दिनों की बारिश संजीवनी साबित होगी। बीज को अंकुरित होकर बढ़ने का मौका मिलेगा। किसानों की आस अभी बाकी है क्योंकि आषाढ़ मास की शुरूआत से बदरा बरसने लगे हैं। हालांकि पिछले दस वर्षों के आंकड़े की बात की जाए तो औसत वर्षा जरूर कम हुई है। किसानों को उम्मीद है कि आगामी दिनों में अच्छी बारिश होगी। तीन दिन की बारिश के बाद शहर के तापमान में गिरावट आई है। तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर भी बना हुआ है। इसका असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। डॉक्टरों ने इस मौसम में खान-पान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी है। जिले में 1 जून से 2 जुलाई तक 68.92 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। विगत दस वर्षों की बात की जाए तो उक्त अवधि तक 219.42 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज होती रही है। इस लिहाज से इस साल औसत 149 मिमी कम बारिश हुई है। जून का महीना लगभग पूरा सूखा बीता है। जिसके कारण किसानों को टेंशन अधिक हुई है।

# हाई-टेंशन तार से टकराया डंपर, बिजली बंद होने से बाल-बाल बचा चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



हाई टेंशन तार से टकराया डंपर।

कुसमुंडा कोयला खदान क्षेत्र में हादसा होते-होते टल गया। नीलकंठ कंपनी का डंपर अनजाने में ऊपर से गुजर रही बिजली की हाई-टेंशन लाइन की चपेट में आ गया। गनीमत यह रही कि उस समय लाइन में विद्युत प्रवाह (सप्लाई) बंद था, जिसके कारण डंपर चालक की जान बाल-बाल बच गई।

मिली जानकारी के अनुसार, नीलकंठ कंपनी के अधीन कार्यरत डंपर ऑपरेटर पाली निवासी लकी यादव पिता रामदास यादव रोजाना की तरह खदान क्षेत्र में काम कर रहे थे। इसी दौरान डंपर का ऊपरी हिस्सा वहां से गुजर रहे भारी भरकम बिजली के तारों से टकरा गया। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। वहां मौजूद लोगों ने देखा कि बिजली का तार डंपर के पिछले टायरों और बॉडी के बीच बुरी तरह फंस चुका था। यदि उस वक्त लाइन चालू होती, तो डंपर में भीषण ब्लास्ट हो सकता था और ऑपरेटर लकी यादव की जान को गंभीर खतरा हो सकता था। इस घटना ने एसईसीएल प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खदान क्षेत्र में जहां हर वक्त भारी वाहनों की आवाजाही रहती है, वहां इतनी नीचे बिजली की लाइनें होना सीधे तौर पर सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों और सहकर्मियों के बीच भी इस बात को लेकर तीखी बहस देखने को मिली। कुछ लोगों का कहना था कि यह सीधे तौर पर वहां तैनात सुपरवाइजरों और प्रबंधन की लापरवाही है, जो समय रहते ऐसी जगहों पर सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करते। बताया जाता है कि टारगेट पर रहने के बावजूद बिजली सप्लाई बंद होने के कारण एक बड़ा अनर्थ होने से रुक गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद सुरक्षा अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई है और तार को डंपर से सुरक्षित अलग करने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों ने मांग की है कि खदान क्षेत्रों में इस तरह के हादसों को रोकने के लिए बिजली के तारों को पर्याप्त ऊंचाई पर रखा जाए।

# मुखर्जी के स्मरण पक्ष पर भाजपा महिला मोर्चा ने किया सेवा कार्य



कार्यक्रम में उपस्थित महिला मंडल की सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के मार्गदर्शन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मरण पक्ष के अंतर्गत हरदीबाजार मंडल में विभिन्न सेवा एवं संगठनात्मक कार्यक्रम संपन्न हुए। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रीति स्वर्णकार की अध्यक्षता में आयोजित इन कार्यक्रमों में मातृशक्ति ने संगठन की मजबूती और जनसेवा का नया संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी मंजुला सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन जिला महामंत्री अनसुईया राठौर द्वारा किया गया। स्मरण पक्ष के अंतर्गत संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर दिया गया हरदीबाजार के बूथ क्रमांक 213 में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के तहत एक विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया इसमें महिला कार्यकर्ताओं को आधुनिक डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग सोशल मीडिया प्रबंधन और संगठन की रीति-नीति को जनता तक पहुँचाने की बारीकियों से अवगत कराया गया। सेवा कार्यों की कड़ी में महिला मोर्चा की बहनों ने आंबेडकर चौक स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर सघन स्वच्छता अभियान चलाया परिसर की साफ-सफाई करने के पश्चात बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें कृतज्ञ नमन किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए माध्यमिक स्तर बिंझवार बालक आश्रम हरदीबाजार में पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर आश्रम के छात्र-छात्राओं के बीच बिस्किट टॉफ़ी एवं मिठाइयों का वितरण कर उनके चेहरे पर मुस्कान बिखेरी गई। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी एवं भाजपा महिला मोर्चा की बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# बंधक बनाकर मोबाइल संचालक की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- लेन देन की पुरानी रंजिश बनी वजह, महिला ने दर्ज कराई छेड़छाड़ की शिकायत



घायल मोबाइल संचालक।

कोहड़िया क्षेत्र में मोबाइल और पैसों के पुराने लेनदेन का विवाद हिंसक हो गया। मोबाइल दुकान संचालक विकास दुबे को कथित तौर पर एक नाबालिग और उसके परिजनों ने बंधक बनाकर रातभर बेरहमी से पीटाई की है। हमले में उसके सिर, पैर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, जबकि एक हाथ की हड्डी भी टूट गई। घायल का अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने दोनों पक्षों की दोनों पक्षों की शिकायत पर अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, विकास दुबे और एक नाबालिग के बीच मोबाइल और पैसों के लेनदेन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। पिछले महीने भी इसी विवाद में नाबालिग ने विकास पर चाकू से हमला किया था, जिसकी रिपोर्ट सीएसईबी चौकी में दर्ज है। बताया जा रहा है कि बीती रात विकास दुबे किसी काम से पीपरपारा गया था। वहां नाबालिग और उसके परिजनों ने उसे पकड़ लिया। आरोप है कि उसे एक कमरे में बंधक बनाकर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से रातभर पीटा गया। सुबह विकास के दोस्त आकर्षण तिवारी ने उसे गंभीर हालत में देखा और तत्काल डायल-112 को सूचना दी। पुलिस की मदद से विकास को अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक उसके सिर और पैर में गहरी चोटें हैं तथा एक हाथ की हड्डी टूट गई है।

इसी बीच एक महिला ने सीएसईबी पुलिस चौकी में विकास दुबे के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि रात करीब 10 बजे विकास जबरन उसके घर में घुस आया और उसके साथ अभद्रता की। महिला ने यह भी स्वीकार किया कि गुस्से में उसने लोहे के डंडे से विकास की पिटाई की थी।

**TOP IN KORBA**

**GURUKRIPA COLLEGE**

ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

# भिलाई बाजार मंडल बना डिजिटल प्रशिक्षण का मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- डीएलपी महाअभियान ने पकड़ी रफ्तार



प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित मंडल कार्यकर्ता।

भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक सशक्तिकरण के उद्देश्य से चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान (डीएलपी) को भिलाई बाजार मंडल में व्यापक जनभागीदारी मिल रही है।

भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार राठौर तथा उनकी पूरी टीम अभियान को बूथ स्तर तक संचालित कर रही है। महाअभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने स्मार्टफोन में संगठन द्वारा उपलब्ध कराए गए सरल एप के माध्यम से डिजिटल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी के गौरवशाली इतिहास, पार्टी की पंचनिष्ठा, नमो एप के प्रभावी उपयोग, संगठनात्मक कार्यप्रणाली तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रत्येक कार्यकर्ता को डिजिटल प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जा रहा है, जिससे कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। भाजपा भिलाई बाजार मंडल के सभी शक्ति केंद्रों एवं बूथों पर कार्यकर्ता पूरे समर्पण और सक्रियता के साथ इस महाअभियान को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। इस दौरान भिलाई बाजार मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार राठौर ने कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान संगठन को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम, अनुशासित और जनसेवा के प्रति और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डिजिटल माध्यम से प्राप्त यह प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं के वैचारिक, संगठनात्मक और तकनीकी कौशल को सशक्त करेगा, जिससे वे जनता के बीच पार्टी की नीतियों और सरकार की जनहितकारी योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचा सकेंगे।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## कोरबा मार्केट

**गुप्त रोग**
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज



नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यंत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

## खबर संक्षेप



### झांझ में बच्चों को टीका लगाकर जनपद सदस्य ने कराया शाला प्रवेश

**हरदीबाजार।** जन शिक्षा केन्द्र सिरली के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय झांझ मे नव प्रवेशी छात्र और छात्राओं को नए सत्र के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत पाली के सभापति अंजली कौशल श्रीवास ने सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया। जिसमें सभी छात्रों को माला, गणवेश, और माथे पर टीका लगाकर शाला में प्रवेश करवाया गया। वहीं मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चे ही हमारे भविष्य की कर्णधार है, बच्चों को माता पिता के द्वारा पूछना चाहिए कि आज स्कूल में क्या पढ़ाया गया, हफ्ते में कम से कम दो दिन माता पिता को स्कूल का निरीक्षण करना चाहिए कि स्कूल में शिक्षक के द्वारा क्या पढ़ाया जाता है। बच्चे ही हमारे भविष्य के निर्माता हैं। शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य रूप से व्याख्याता राजेन्द्र नायक, हाईस्कूल बोईदा प्राचार्य श्रीमती पुनम दुबे, कुसुम ऊइके सरपंच झांझ, देवकुमार राज, कौशिल्या बाई (पंच), राजकुमारी, नेहा धनुहार (उपसरपंच), लोचन प्रसाद साहू (प्रधान पाठक सिरली), उदय शंकर राजवाड़े ( शिक्षक), जीवन मरकाम, प्रकाश शर्मा, गंगा भार्गव, गायत्री बिंझवार, सुरेन्द्र चन्द्राकर, अमृत बाई जगत, चिमन यादव, रामस्नेही, संतोष यादव, दौलत राम कुर्रे, द्वारिका यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### वार्ड में मिनी स्टेडियम बनाने पार्षद ने उठाई मांग



**गेवरा दीपका।** नगर पालिका परिषद दीपका के वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद अविनाश कुमार सिंह ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपकर पाली रोड स्थित काला मैदान ( खेल मैदान) को मिनी स्टेडियम के रूप में विकसित करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि दीपका नगर पालिका क्षेत्र में खिलाड़ियों के लिए वर्तमान में कोई सर्वसुविधायुक्त एवं सुरक्षित खेल मैदान उपलब्ध नहीं है। ऐसे में स्थानीय खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नगर पालिका क्षेत्र के 10 वार्ड एसईसीएल के अंतर्गत तथा 11 वार्ड दीपका नगर एवं बस्ती क्षेत्र में आते हैं। वार्ड क्रमांक 11 में खेल मैदान तो है, लेकिन वहां खिलाड़ियों के अभ्यास और खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इससे क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहा है।

### बालको में मनाया गया कबीर साहेब का प्राकट्य उत्सव



**कोरबा।** सतगुरु कबीर मानिकगुरुधाम बालको में चौका आरती के साथ साहेब संत कबीर की प्रकाट्य उत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत व उनके कार्यकर्तागण एवं नगर निगम के समस्त पार्षदगण व प्रदेश स्तरीय महिला प्रकोष्ठ महासचिव श्रीमती सुचित्रा संजय मानिकपुरी, संजय मानिकपुरी, संतोष मानिकपुरी, मोहर दास, चंचल मानिकपुरी, सुमित्रा मानिकपुरी, गोपाल दास, सीमा महंत, संतोष दास मानिकपुरी, तुलसीदास महंत के साथ समस्त पदाधिकारीगण, लक्ष्मण दास व ऋषि दास चौका महंत मंगल दास, दीवानी बोधन सुफल दास, हेमन व कमलेश के द्वारा सम्पन्न हुआ एवं कर्यक्रम मे स्थानीय संत महंत दीवान के साथ आमीन माताएं कार्यक्रम में महज चार साल की छोटी बच्ची पूर्वी महंत के द्वारा बहुत ही सुंदर सन्देश समस्त समाज को कबीर साहेब का सन्देश दिया गया।

# अगले वर्ष अप्रैल में मिलेगी रामपुर कॉलेज को नए भवन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला विकास खंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत रामपुर में उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा स्वीकृत किए गए नवीन शासकीय महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य अप्रैल 2027 तक पूरा कर लिया जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने निर्माण कार्य का अवलोकन करने के साथ निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों से निर्माण कार्य को लेकर तकनीकी जानकारी ली।

ग्राम पंचायत रामपुर में दो वर्ष पूर्व नवीन शासकीय महाविद्यालय की स्वीकृति देने के बाद बीए, बीससी, बीकाम की कक्षाएं वैकल्पिक तौर पर क्षेत्र के ही हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में संचालित हो रही हैं। कॉलेज भवन को लेकर जमीन चयन करने के बाद टेंडर की प्रक्रिया शुरू की गई। लोक निर्माण विभाग द्वारा कॉलेज भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शनिवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत ने निर्माण कार्यों का अवलोकन करने के बाद समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। अप्रैल 2027 तक भवन का काम पूरा कर लिये जाने की जानकारी अधिकारियों ने कलेक्टर से दुदावत को दी।

#### निर्माण कार्य का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**खास बातें**

- दो वर्ष पूर्व मिली थी नवीन महाविद्यालय की स्वीकृति
- जिले में चार कॉलेजों को मिली स्वीकृति



#### आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण

कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने मुख्य मार्ग स्थित नवीन आंगनबाड़ी केंद्र, बनियापारा नोनबिर्रा का निरीक्षण कर वहां संचालित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, बच्चों के लिए की गई व्यवस्थाओं एवं संचालन की स्थिति का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

### अजगरबहार से लेकर लेमरू तक सरकारी दफ्तरों में प्रभावित है कामकाज

# ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली ठप रहने से मोबाइल टॉवर हुए बंद, ऑनलाइन काम प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था चरमराने से वहां लगाए गए मोबाइल टावर ठप हो जाने से सभी तरह के ऑनलाइन काम प्रभावित हो गए हैं। आम लोगों के जहां मोबाइल रिचार्ज नहीं हो रहे हैं वहीं अजगरबहार तहसील से लेकर लेमरू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक सरकारी काम प्रभावित हुए हैं।

कोरबा विकास खंड अंतर्गत अजगरबहार से ग्राम पंचायत लेमरू तक आने वाले क्षेत्र में 8 ग्राम पंचायतों में मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए बीएसएनएल और जीयो के टावर लगाए गए हैं। लेकिन पिछले कुछ दिनों से बिजली की व्यवस्था चरमराने के कारण इन दोनों बड़ी कंपनियों के मोबाइल टावर की बैट्री चार्ज नहीं होने से काम करना बंद कर दिए हैं। इसके परिणाम स्वरूप क्षेत्र के च्वाइस सेंटर और सरकारी कार्यालयों में नेटवर्किंग के भरोसे चलने वाले कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। वहीं गांव में खोले गए च्वाइस सेंटर से भी महतारी वंदन योजना की केवायसी नहीं हो रहे और न कोई सरकारी दस्तावेज निकल रहे हैं। इतना ही नहीं अजगरबहार तहसील से लोगों को बीवन नकल भी नहीं मिल पा रही है। पीडीएस दुकानों में थंब मशीन के नहीं काम करने की भी शिकायतें लोगों ने की है।

**खास बात**

- गांव के च्वाइस सेंटरों में न केवायसी हो रही है और न ही कोई दस्तावेज निकल रहे






लेमरू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व क्षेत्र में लगा मोबाइल टावर।

#### बिजली खंभे टूटने की बनी है समस्या

पिछले दिनों हुई बारिश के कारण सतरेंगा लेमरू मार्ग में बिजली खंभे टूटने के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने बिजली विभाग को तार टूटने व बिजली खंभे गिरने की सूचना दे दिए हैं। वन क्षेत्र होने के कारण कई बार फाल्ट ढूंढने में भी मरम्मत कार्य में लगे कर्मचारियों को लंबा समय लग रहा है। बीत एक माह से कई कई दिनों तक दूरस्थ क्षेत्रों में बिजली बहाल नहीं हो सकी थी।

#### डीजल डालकर चलाना पड़ रहा काम

मोबाईल टावर बंद रहने की समस्या से निपटने के लिए डीजल का सहारा लिया जा रहा है। दोनों ही कम्पनी के कर्मचारी डीजल डालने रोज पहुंचते हैं तब जाकर टावर की व्यवस्था संचलित हो पाती है। लेमरू पीएचसी में सोलर पैनल लगे होने से अस्पताल की व्यवस्था किसी तरह चल रही है लेकिन क्षेत्र के अधिकांश ग्रामों में बिजली नहीं होने से अंधेरा रहने के कारण विषैले जीव जंतुओं का खतरा बना रहता है। लेमरू में ही सरकारी कालोनी भी बनी है जहाँ के कर्मचारी भी परेशानी का सामना कर रहे हैं, कुछ कर्मचारी बालको से आनाजाना कर रहे हैं बिजली नहीं होने के कारण बालको नगर में रहने की मजबूरी बनी रहती है। बिजली समस्या के कारण बोर भी नहीं काम करते हैं।

#### आना पड़ रहा जिला मुख्यालय

बिजली व्यवस्था के चरमराने से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावित होने वाले आनलाइन कार्यों के लिए ग्रामीणों को बालको या जिला मुख्यालय आना पड़ रहा है। विशेषकर स्कूल के छात्र-छात्राओं को जो 12वीं पास कर महाविद्यालय में प्रवेश के लिए अपने दस्तावेज को तैयार करने में लगे हुए हैं। कई छात्रों ने बताया कि 30 जून तक आनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि थी। ऑनलाइन पंजीयन के लिए जिला मुख्यालय आना पड़ा है।

# सराफा व्यवसायी के हत्यारों को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सराफा व्यवसायी अमृता ज्वेलर्स के संचालक गोपालराय सोनी की हत्या के आरोपियों को उम्रकैद की सजा से दण्डित किया गया है। प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गरिमा शर्मा ने दोष सिद्ध पाते हुए सजा सुनाई है। प्रकरण में शासन की तरफ से विशेष लोक अभियोजक टीकम साव ने मजबूत पैरवी की।

**खास बातें**

- व्यवसायी के चालक ने दोस्तों के साथ बनायी थी चोरी की योजना
- चाबी लेने घर में घुसे और व्यवसायी की गर दी थी हत्या

उल्लेखनीय है कि सराफा व्यवसायी गोपालराय सोनी और उनकी पत्नी 5 जनवरी 2025 को लालूराम कॉलोनी स्थित अपने घर पर थे। इसी दौरान रात 9:40 बजे से 9:59 बजे के मध्य 19 मिनट के भीतर सारे घटनाक्रम को अंजाम दिया गया और उन्हीं की क्रेटा कार क्रमांक जेएच 01 सीसी 4455 को लेकर आरोपी फरार हो गए थे। घर से सूटकेस, श्री सोनी का मोबाइल भी ले गए थे। तत्कालीन आईजी डॉ. संजीव शुक्ला के पर्यवेक्षण व एसपी सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में पुलिस की विशेष टीम ने वारदात में शामिल तीन में से दो आरोपियों आकाश गोस्वामी व मोहन मिंज को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुराने ड्राइवर सूरज गोस्वामी (आकाश का बड़ा भाई) फरार चल रहा था जिसे मुंबई से धरदबोचा गया। पुलिसिया जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध दिखे जो शाम 7:36 बजे पैदल दीवार फांदकर अंदर घुसे और फिर निकले नहीं। बाद में 10:59 बजे घर से कार में निकलते दिखे लोगों का हुलिया इनसे मिला। कार की तलाश के दौरान परसाभाठा बालको मार्ग में गाड़ी दिखी जो रिस्दा बस्ती से बरामद हुई। फुटेज के आधार पर आरोपी के घायल होने का पता चला। जांच पड़ताल में मोहन मिंज के चोटिल होने का पता चला। उसे हिरासत में लेने पर खुलासा हुआ। बताया जाता है कि आरोपी सूरज गोस्वामी पूर्व चालक था और आकाश गोस्वामी वर्तमान चालक था। आकाश कर्ज में था। सूरज को पता था कि गोपाल के सूटकेश में चाबी रहती है। दुकान में चोरी की प्लानिंग थी और दुकान की चाबी सूटकेश में रहती थी। यह चाबी हासिल कर दुकान से जेवरात चुराने की योजना थी। चाबी चोरी करने की प्लानिंग 25 दिसम्बर को तैयार की गई थी। सूरज व आकाश दोनों भाई ने मिलकर योजना बनाई व मोहन मिंज आदतन बदमाश को शामिल किया। घटना दिनांक 5 जनवरी से एक सप्ताह पहले भी ये लोग चाबी हासिल करने घर तक गए थे लेकिन चहल पहल होने के कारण लौट आए। आकाश व सूरज को पता था कि पुत्र नचिकेता वर्क फ्रॉम होम रहता था लेकिन रविवार को शाम को दुकान जाता। घटना दिनांक 5 जनवरी की रात घर के पास खंडहर नुमा मकान में पहले से तीनों आरोपी छिपे थे। जैसे ही गोपाल राय को चालक आकाश ने घर मे छोड़ा और नचिकेता दुकान गया तो तीनों घर में दीवार फांदकर घुसे। आपस में बातचीत करने के लिए किसी का मोबाइल और किसी के नाम का सिम इस्तेमाल किया गया। जब आरोपी घर में घुसे तब उस समय गोपाल राय पत्नी के कमरे में थे कि आरोपी अलग-अलग छिप गए। एक आरोपी सूरज घर के परिसर में मंदिर में छिप गया था जहां माथा टेकने पहुंचे गोपाल राय ने सूरज को देख लिया। इसके बाद सूरज की पहचान हो जाने से उसने आकाश को बताया व तीनों ने मिलकर धारदार हथियार से गोपाल राय की हत्या कर दी। हमला करने बाद इधर सूटकेश में दुकान की चाबी है, इसलिए आरोपी सूटकेश लेकर भाग निकले। सूटकेश व हथियार को रास्ते मे नदी में फेंक दिया। गोपाल राय की पत्नी का मोबाइल बरामद हुआ। सूटकेश व हथियार की बरामदगी गोताखोरों की मदद से की गई। पुलिस ने आरोपी का खून सना जूता भी बरामद किया गया था। मामले के आरोपी आकाश पुरी, सूरज पुरी व मोहन मिंज को विभिन्न धारओं के तहत दोषसिद्ध पाये जाने पर आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है।

# खाने का बिल मांगने पर भड़के युवक, ढाबा संचालक सहित कर्मचारियों की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला थाना क्षेत्र में एक ढाबे में खाना खाने के बाद बिल मांगने पर विवाद इतना बढ़ गया कि 9 लोगों ने कथित रूप से ढाबा संचालक, उसके कर्मचारी और एक महिला के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने ढाबे में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम तुर्रीकटरा निवासी संतलाल मंझवार (38 वर्ष) कोटमेर पेट्रोल पंप के सामने होटलनुमा ढाबा संचालित करता है। 2 जुलाई की रात करीब 8 बजे समयलाल राठिया, किशन कुमार, संजय कुमार, राहुल कुमार, जगदीश, मुकेश कुमार, गुलशन कुमार, राधेश्याम तथा बूटी उर्फ सुखराम राठिया दो मोटरसाइकिलों से ढाबे पहुंचे और चिकन-चावल के 9 प्लेट का ऑर्डर दिया। खाना खाने के बाद जब ढाबे में काम करने वाले रामायण उर्फ बंधन सिंह ने 860 रुपये का बिल थमाया और बिल देखकर सभी युवक भड़क गए। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए रामायण का कॉलर पकड़कर उसे टेबल पर गिरा कर मारना शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे ढाबा संचालक संतलाल मंझवार और रामायण की पत्नी केंवराबाई के साथ भी हाथ-मुक्कों से मारपीट की गई। आरोप है कि मारपीट के दौरान एक आरोपी ने केंवराबाई की बाईं कलाई को दांत से काट लिया। साथ ही रामायण को जान से मारने की धमकी दी गई और ढाबे का सामान भी अस्त-व्यस्त कर दिया गया। ढाबा संचालक ने घटना की सूचना डायल-112 को दी, तब तक सभी आरोपी दो मोटरसाइकिलों से ग्राम तुर्रीकटरा की ओर भाग निकले। करतला पुलिस ने संतलाल मंझवार की शिकायत पर समयलाल राठिया, किशन कुमार, संजय कुमार, राहूल कुमार, जगदीश, मुकेश कुमार, गुलशन कुमार, राधेश्याम तथा बूटी उर्फ सुखराम राठिया के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115(2), 191(2), 296 एवं 351(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की जांच शुरु कर दी है।

**खास बात**

- ढाबा संचालक की शिकायत पर मामला दर्ज

### सहकारी समिति तिलकेजा का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**कोरबा।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने 3 जुलाई को करतला विकासखंड अंतर्गत सहकारी समिति तिलकेजा का निरीक्षण कर किसानों के लिए उपलब्ध खाद-बीज की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने समिति प्रबंधक से खाद एवं बीज की उपलब्धता, नैनो उर्वरकों के वितरण तथा समिति से जुड़े किसानों की संख्या की जानकारी ली। साथ ही आवश्यक कृषि आदानों की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने समिति में उपस्थित किसानों से संवाद कर उन्हें मिल रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने किसानों से खाद-बीज वितरण में किसी प्रकार की समस्या के संबंध में पूछा, जिस पर किसानों ने बताया कि उन्हें बिना किसी परेशानी के समय पर खाद-बीज एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध हो रही है।

### झेरिया धोबी बरेठ समाज के बालको इकाई ने आयोजित किया सम्मान समारोह

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ झेरिया धोबी बरेठ समाज संभाग बिलासपुर कोरबा परिक्षेत्र बालको इकाई द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम संतगाडगे बाबा की पूजा अर्चना की उसके बाद कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।




### एसईसीएल के सभी एरिया जीएम को मानसून में उत्पादन नहीं रुकने की दी हिदायत

# सीएमडी की दो टूक, डिस्पैच बढ़ाओ, स्टॉक करो खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल मुख्यालय में शनिवार को अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरिश दुहान की अध्यक्षता में जनरल मैनेजर्स कोऑर्डिनेशन मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में कंपनी के सभी क्षेत्रों के प्रदर्शन, उत्पादन, कोयला डिस्पैच तथा विभिन्न विकास परियोजनाओं की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक में निदेशक (तकनीकी/संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) रमेश चंद्र महापात्र सहित एसईसीएल मुख्यालय के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। वहीं, सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

सीएमडी श्री दुहान ने सभी क्षेत्रों को निर्देशित किया कि कंपनी की परिचालन गति को बनाए रखते हुए कोयला डिस्पैच को अधिकतम किया जाए तथा स्टॉक में उपलब्ध कोयले का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान भी उत्पादन और आपूर्ति प्रभावित नहीं होनी चाहिए तथा सभी क्षेत्रों में आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। बैठक के दौरान सभी क्षेत्रों में कोयला उत्पादन, उत्पादकता, मानसून तैयारियों तथा खनन कार्यों की निरंतरता की विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही पर्यावरणीय स्वीकृति, वन स्वीकृति, कोयले की गुणवत्ता प्रबंधन तथा पूंजीगत व्यय की प्रगति पर भी विस्तृत चर्चा की गई।बैठक की शुरुआत में मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन ने संगठन में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से चल रही सतर्कता संबंधी पहलों एवं प्रमुख मुद्दों पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

**खास बात**

- कोयला उत्पादन, उत्पादकतास, मानसून तैयारियों तथा खनन कार्यों की हुई समीक्षा



अधिकारियों की बैठक लेते सीएमडी।




